## प्रेस नोट

**थाना पुलिस, एस0टी0एफ0 लखनऊ एंव एसओजी/ सर्विलांस पीलीभीत टीम द्वारा 04 अभियुक्तगणों को 10 किलो 880 ग्राम अवैध चरस, 968 ग्राम अवैध अफीम, 02 कार, 07 मोबाईल व 16390रु0 के किया गया गिरफ्तार।**

उत्तर प्रदेश शासन के विजन अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने के क्रम में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली,जोन बरेली व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बरेली परीक्षेत्र बरेली के द्वारा सभी जनपदो व जनपद के थाना प्रभारी को अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय समय पर दिये गये आदेशो व निर्देशो के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद पीलीभीत,श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद पीलीभीत द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराधो की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी के क्रम में श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय जनपद पीलीभीत के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत के कुशल नेतृत्व में दिनांक 23.08.2023 को 04 अंतराजीय नशीले पदार्थो के तस्करो को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से नाजायज कुल 10.880 किलो ग्राम चरस व करीब 968 ग्राम अफीम की बरामदगी की गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण --**

दिनाँक 23.08.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री जगत सिंह मय हमराही थाना हाजा से श्रावणमास काँवड़ जत्थो की निगरानी व देखरेख शांति व्यवस्था डयूटी, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति , वाहन पैट्रोल पम्प पिकैट डयूटी अन्दर इलाका तलाश वांछित में मामूर होकर रामलीला ग्राउन्ड में मौजूद था कि तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक अर्टिगा कार यू0के0 06 ए0बी0 1963 में दो व्यक्ति व एक स्विफ्ट डिजायर यू0पी0 76 यू0 9819 से दो व्यक्ति भारी मात्रा में चरस व अफीम नेपाल से मझौला की तरफ लेकर आ रहे हैं तभी एस0टी0एफ0 मुख्यालय टीम के हे0का0 नीरज मिश्रा व का0 प्रदीप भी आ गये,तथा एस0ओ0जी/सर्विलांस टीम जनपद पीलीभीत प्रभारी श्री सुनील शर्मा मय टीम के आ गये मुखविर खास की सूचना को श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर को सूचना देकर बीसलपुर रोड पावरहाउस के पास आने हेतु बताया गया तथा प्रभारी निरीक्षक मय टीम व एस0ओ0जी0/सर्विलांस टीम के सदस्यों के साथ रवाना होकर बीसलपुर रोड पर स्थित पावरहाउस के पास वाहन चैकिग करने लगे थोड़ी ही देर में दोनों गाड़िया अर्टिका कार यू0के0 06 ए0बी0 1963 व एक स्विफ्ट डिजायर यू0पी0 76 यू0 9819 तेजी सी आयी तथा हम पुलिस वालों को देखकर दोनो ही कारों के चालक गाड़ीयों को पीछे

मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे कि हम पुलिस वालों ने दोनो गाड़ियों को भागने का मौका दिये बिना ही पुख्ता सड़क पर ही रोक लिया जिसमें से अर्टिगा सवार चालक सहित दो लोग बाहर आये व स्विफ्ट डिजायर में चालक सवार सहित दो लोग बाहर आये। जिनके नाम पते पूछे गये 1.सर्वेश कुमार गंगवार पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम पुरैनिया थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत उम्र 47 वर्ष 2.अजीज अहमद पुत्र इद्दू निवासी मो0 मिरधान कस्वा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र 59 3. नेत्रपाल उर्फ नरेश पुत्र रामसिह निवासी लालकुआं थाना लालकुआं जनपद नैनीताल उत्तराखण्ड उम्र 40 वर्ष 4. असलम पुत्र नूर अहमद नि0मो0 हजियापुर थाना बारादरी जनपद बरेली उम्र 65 बताया। पकडे गये व्यक्तियों की जामा तलाशी से 1.सर्वेश कुमार गंगवार पुत्र प्रताप सिंह उपरोक्त की जामा तलाशी से कमर में लाल छींटदार कपड़े से बंधा हुआ काले रंग का पदार्थ कुल 3 किलो 550 ग्राम चरस व 04 अदद मोबाइल बरामद हुये। 2. अजीज अहमद पुत्र इद्दू उपरोक्त की जामा तलाशी से पहने हुए कुर्ते की जेब से काली पॉलिथिन के अन्दर सिल्वर पन्नी में रखी काले रंग का पदार्थ अफीम कुल बजन 968 ग्राम एक मोबाईल ओपो तथा रूपये 2600 बरामद हुये। तथा अर्टिका कार यू0के0 06 ए0बी0 1963 के चालक 3. नेत्रपाल उर्फ नरेश पुत्र रामसिह उपरोक्त की जामा तलाशी से कमर में बन्धी गुलाबी पीली डिजाइनदार कपड़े में लिपटी हुयी काले रंग की चरस 3 किलो 650 ग्राम व एक अदद मोबाइल फोन वीवो व बायी जेव से 4230 रूपये बरामद हुये। तथा अर्टिगा में बगल की सीट पर बैठे व्यक्ति 4.असलम पुत्र नूरअहमद उपरोक्त की जामा तलाशी ली गयी तो कमर में बान्धे हुए हलके पीले रंग के कपड़े में लिपटा हुआ काले रंग का पदार्थ चरस 3 किलो 680 ग्राम एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ पहनी हुयी कमीज की सामने बाली जेव से अद्द मोबाईल ओपो व 3210 रूपये बरामद हुये अभियुक्तगणों से चरस व अफीम रखने व बेचने का लाइसेंस तलब किया तो नही दिखा सके । अभियुक्तगणों को हिरासत पुलिस मे लिया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सुनगढ़ी पीलीभीत पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0सं0 269/2023 धारा 18/20/29 व 8/18/29 व 25/ 60 NDPS ACT पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण सर्वेश गंगवार आदि उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

**<u>बरामद माल का विवरणः–</u>**

01. सर्वेश गंगवार उपरोक्त से कुल 3 किलो 550 ग्राम चरस व 04 अदद मोबाइल फोन

02. नेत्रपाल उर्फ नरेश उपरोक्त के पास से बरामद चरस 3 किलो 650 ग्राम व एक अदद मोबाइल फोन

03. असलम उपरोक्त के पास से बरामद चरस 3 किलो 680 ग्राम एक अदद मोबाइल फोन

04. अजीज अहमद उपरोक्त से बरामद अफीम कुल वजन 968 ग्राम पाया एक अदद मोबाइल फोन

08. अद्द मोबाईल ओपो व 3210 रूपये बरामद हुये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

1.सर्वेश कुमार गंगवार पुत्र प्रताप सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पुरैनिया थाना बीसलपुर, पीलीभीत

2.अजीज अहमद पुत्र इद्दू उम्र 59 वर्ष निवासी मो0 मिरधान कस्वा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली

3.नेत्रपाल उर्फ नरेश पुत्र रामसिह उम्र 40 वर्ष निवासी लालकुआं थाना लालकुआं नैनीताल, उत्तराखण्ड

4.असलम पुत्र नूरअहमद उम्र 65 वर्ष नि0मो0 हजियापुर थाना बारादरी जनपद बरेली।

**अपराधिक इतिहास अभियुक्तगणः-**

1.अभियुक्त सर्वेश गंगवार पुत्र प्रताप सिंह उपरोक्त

मु0अ0सं0 269/2023 धारा 18/20/29 व 8/18/29 व 25/ 60 NDPS थाना सुनगढी पीलीभीत।

2. अभियुक्त अजीम पुत्र इद्दू उपरोक्त

मु0अ0सं0 0416/2015 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना फरीदपुर बरेली।

मु0अ0सं0 269/2023 धारा 18/20/29 व 8/18/29 व 25/ 60 NDPS थाना सुनगढी पीलीभीत।

3.अभियुक्त असलम पुत्र नूर अहमद उपरोक्त

मु0अ0सं0 0239/2016 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बारादरी बरेली।

मु0असं0 0749/2020 धारा ¾ जुआ अधि0 थाना बारादरी बरेली।

मु0अ0सं0 269/2023 धारा 18/20/29 व 8/18/29 व 25/ 60 NDPS थाना सुनगढ़ी पीलीभीत।

4.अभियुक्त नेत्रपाल उर्फ नरेश पुत्र रामसिंह उपरोक्त

मु0अ0सं0 269/2023 धारा 18/20/29 व 8/18/29 व 25/ 60 NDPS थाना सुनगढ़ी पीलीभीत।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–**

प्रभारी निरीक्षक श्री जगत सिंह थाना सुनगढ़ी पीलीभीत।

एस0ओ0जी व सर्विलान्स प्रभारी उ0नि0 श्री सुनील शर्मा मय टीम

01.उ0नि0 श्री विनोद कुमार थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

02.उ0नि0 श्री सौरभ सिंह थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

03.हे0का0 मशरुर अहमद थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

04.हे0का0 उमेद कुमार थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

05. का0 राजू वर्मा थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

06. म0का0 अंजली निर्वाल थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

07.हे0का0 नीरज मिश्रा एस0टी0एफ लखनऊ

08.का0 प्रदीप कुमार एस0टी0एफ लखनऊ